दिनांक : 17.06.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

शिवराज–कृषि

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि और कृषि संबंधित क्षेत्र, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नई दिल्ली में कल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 96वें स्थापना और प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा है और किसान इसका आधार। उन्होंने कहा कि किसान और कृषि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

....

कॉन्क्लेव

जबलपुर में 20 जुलाई को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा देने के लिये ये रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराई जा रही है। छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में आयोजित हुई उद्योग संघों और उद्योगपतियों की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचलों में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है। जिससे कृषि, रोजगार, व्यापार और पर्यटन की दिशा में नये उपलब्धियों को हासिल किया जा सके। उन्होंने उद्योग संघों और उद्योगपतियों से कहा है कि वे निवेश को प्रोत्साहित करें। इसके लिये उन्हें औद्योगिक नीति अनुसार सुविधा प्रदान की जायेगी। डॉ. यादव ने कहा कि आगामी 5 सालों में प्रदेश की जीडीपी को डबल करने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुये निवेश को प्रोत्साहित किया जाना है।

....

रेशम उत्पाद

प्रदेष में अब रेशम के धागों का उपयोग दवाईयां एवं सर्जिकल ड्रैसिंग बनाने के लिये किया जायेगा। इसके लिये किसानों का सारा का सारा ककून क्रय कर लिया जाएगा। इससे रेशम से समृद्धि योजना के तहत रेशम उत्पादों, के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। अब रेशम धागे से क्रीम, बैंडेज, पावडर, प्रोटीन, सौंदर्य उत्पाद भी बनाए जायेंगे। पिछले दिनों कुटीर और ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने नर्मदापुरम संभाग में जारी रेशम विकास गतिविधियों के अवलोकन के दौरान रेशम उत्पादों का प्रयोग दवाईयों के उत्पादन में भी किये जाने के निर्देश दिये थे ।

....

मुहर्रम

मुहर्रम का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा और पवित्रता के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने कर्बला की लडाई में सत्य और न्याय के लिए कुर्बानी दी थी। इस अवसर पर ताजिए के जुलूस निकाले जाते हैं। साथ ही धार्मिक बैठकें और मजलिसें भी आयोजित होती हैं। जिनमें कर्बला के शहिदों के सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख किया जाता है। इस पर्व के आयोजन को देखते

हुए राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सतना जिले में हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाला शहादत का पर्व मुहर्रम शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है । पन्ना सहित राज्य के अन्य जिलों में भी मुहर्रम का पर्व मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

....

टी–20

एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम कोलंबो पहुंच गई है। ये टूर्नामेंट आगामी 19 जुलाई शुक्रवार से श्रीलंका के दांबुला में शुरू हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम पहले दिन चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेंगी। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल की टीम है। जबकि मेजबान श्रीलंका और मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश ग्रुप बी में है। 2012 से टी20 फार्मेट में तब्दील हुये महिला एषिया कप को भारत ने 2018 को छोड़कर हर बार जीतने का गौरव हासिल किया है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- धार में कल शाम आकाशीय बिजली गिरने से तीन किशोरों की मौत हो गई। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को 15–15 हज़ार रुपए की तात्कालिक आर्थिक सहायता दी गई है।
- समेकित बाल संरक्षण योजना की प्रगति और उसके क्रियान्वयन की समीक्षा के लिये गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कल आगरमालवा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई ।
- खंडवा जिले के ओंकारेश्वर मंदिर में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये पहुंचे हैं। देवशयनी एकादशी पर बीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ओंकारेश्वर और खेड़ीघाट–मोरटक्का में पवित्र नर्मदा के घाटों पर स्नान किया।
- शहडोल जिले में बैगा हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम निरंतर जारी है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 30 हजार 962 बैगा परिवारों के 1लाख 2हजार 424 सदस्यों में से 87 हजार 954 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने है। ।

....